# BULANDSHAHR POLICE

**दिनांक 26 अक्टूबर, 2025** **CRACKDOWN BULANDSHAHR** **थाना चोला**

**लूट की घटना मे वांछित 20,000/- रूपये के ईनामी बदमाश के साथ थाना चोला पुलिस व स्वाट टीम की हुई मुठभेड़, जवाबी कार्यवाही में बदमाश घायलावस्था गिरफ्तार, कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस, 01 बाइक व नकदी आदि बरामद।**

जनपद में तलाश वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 25/26.10.2025 की रात्रि को थाना चोला पुलिस व स्वाट टीम ग्राम पचौता गेट पर संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चैकिंग कर रही थी तभी एक बाइक सवार व्यक्ति ग्राम पचौता की तरफ आता हुआ दिखाई दिया जिसको पुलिस टीम द्वारा रूकने का इशारा किया गया तो नही रूका तथा बाइक को तेजी से मोड़कर ग्राम पचौता की ओर भागने लगा, पुलिस टीम द्वारा उसका पीछा किया गया तो कुछ दूरी पर बदमाश की बाइक अनियंत्रित होकर गिर गयी तभी बदमाश द्वारा अपने आपको पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल हो गया जिसको घायलावस्था में गिरफ्तार किया गया। **गिरफ्तार/घायल बदमाश की पहचान अफसर पुत्र नवाब निवासी ग्राम पलवाड़ा थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़ हाल निवासी ए-537 गली नं0-15 ब्लाक ए श्रीराम कलोनी , राजीव नगर खजूरी खास , नई दिल्ली के रूप मे हुई है।** घायल बदमाश को उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाश के कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस, बाइक, नकदी व लूटे गये व्यक्ति का आधार कार्ड बरामद हुआ है।

उल्लेखनीय है कि बदमाश शातिर किस्म का लूटेरा अपराधी हैं। जिसके द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर थाना नरसैना क्षेत्रान्तर्गत सर्राफा व्यापारी तथा थाना चोला क्षेत्रान्तर्गत एक बाइक सवार व्यक्ति के साथ लूट की घटना कारित की गयी थी। जिसके सम्बन्ध में थाना नरसैना पर मुअसं- 241/25 धारा 309(4) बीएनएस व मुअसं- 242/25 धारा 317(2),109(1) बीएनएस तथा थाना चोला पर मुअसं- 194/25 धारा 304(2) बीएनएस पंजीकृत हैं। जिसकी गिरफ्तारी पर श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा 20,000/- रूपये का इनाम घोषित किया गया था। इस घटना से सम्बन्धित 03 अन्य बदमाशों को पूर्व मे गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-**

1. अफसर पुत्र नवाब निवासी ग्राम पलवाड़ा थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़ हाल निवासी ए-537 गली नं0-15 ब्लाक ए श्रीराम कलोनी , राजीव नगर खजूरी खास , नई दिल्ली।

**बरामदगी-**

1. 01 बाइक होन्डा ट्विस्टर (UP13AJ 8943)
2. 01 तमंचा 315 बोर, 01 जिंदा, 01 खोखा कारतूस।
3. 2015 रूपये नकदी
4. 01 आधार कार्ड (लूटे गये व्यक्ति का आधार कार्ड)

अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना चोला पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

**अभियुक्त अफसर का आपराधिक इतिहास-**

1. मुअसं- 16/11 धारा 379/411 भादवि थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़।
2. मुअसं- 57/11 धारा 380/411 भादवि थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़।
3. मुअसं- 62/11 धारा 102/41/147/148/149/307 भादवि थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़।
4. मुअसं- 241/25 धारा 309(4) बीएनएस थाना नरसैना जनपद बुलन्दशहर।
5. मुअसं- 242/25 धारा 109(1)/317(2) बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना नरसैना जनपद बुलन्दशहर।
6. मुअसं- 194/25 धारा 304(2) बीएनएस थाना चोला जनपद बुलन्दशहर।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1- श्री बलराम सिंह सेंगर प्रभारी निरीक्षक थाना चोला

2. उ0नि0 श्री सोनू बाबू, उ0नि0 श्री शीषपाल सिंह,उ0नि0 श्री वरुन यादव

3. है0का0 जहूल अली, का0 सुनील कुमार, का0 अंकुर चौहान, का0 लौकेन्द्र सिंह, का0 धर्मेन्द्र सिंह

## स्वाट टीम-

1- मोहम्मद असलम, प्रभारी स्वाट टीम

2 उ0नि0 सोनवीर सिंह सोलंकी

3- है0का0 कपिल नैन, है0का0 प्रदीप कुमार, है0का0 निकुंज यादव, है0का0 राहुल त्यागी, है0का0 मौ0 आरिफ, है0का0 अनुज राठी, है0का0 अंकुर धामा,का0 रोहित कुमार, का0 नरेन्द्र कुमार, का0 सचिन चौहान, का0 श्याम सुंदर,का0 अमित कुमार






**मीडिया सेल बुलंदशहर**